हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री


12 नवागढ़ सहकारी बैंक में अंतर राशि निकासी के दौरान रही ...





10 छल्ला गैंग के आधा दर्जन लुटेरे किए गए गिरफ्तार...






## खबर संक्षेप

### नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख की ठगी



**भिलाई।** सहायक ग्रेड तीन और एनटीपीसी में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बोरीगारका उतई निवासी रविकांत साहू को मंत्रालय में सहायक ग्रेड-3 और प्रयास सफल न होने पर एनटीपीसी में एई पद पर नियुक्ति कराने का का झांसा देकर ठगी किया गया। इस दौरान दंपत्ति ने पीड़ित से 10 लाख रुपए प्राप्त कर फर्जी नियुक्ति पत्र ई-मेल के माध्यम से भेजा। विवेचना के दौरान आरोपी न्यू आदर्श नगर पदमनाभपुर निवासी प्रिया देशमुख को गिरफ्तार किया। मामले में दूसरा आरोपी प्रशांत कुमार देशमुख 1 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। घटना पदमनाभपुर थाना क्षेत्र की है।

### बेजुबान कुत्ते को बेरहमी से मारने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** बेजुबान कुत्ते को बेरहमी से मारने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि एमपीईबी चौक जामुल में गली के एक कुत्ते को मारने की शिकायत एमपीईबी चौक निवासी मदन साहू ने किया। जिसमें बताया है की मुर्तुजा अली, राहुल मारकण्डे द्वारा कुत्ते को गंभीर रूप से पीटने से उसकी मृत्यु होना बताया है। पुलिस ने अपील किया है कि आम नागरिक पशुओं के प्रति किसी भी प्रकार की क्रूरता दंडनीय अपराध है। ऐसी किसी भी घटना की सूचना मिलने पर पुलिस को जानकारी दे।

### सट्टा खिलाने वाले सटोरिया को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** सट्टा खिलाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि युवक का नाम मुखबिर की सूचना पर तकियापारा गुज्जर धर्मशाला के पास युवक सट्टा-पट्टी लिखकर सट्टा खिला रहा था। मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम तकियापारा दुर्ग निवासी अजहर है। उसके पास से सट्टापट्टी, डाटपेन,नगदी रकम 1170 रुपए जब्त किया है।

### शराब के अवैध कारोबार के मामलों में 82 गिरफ्तार

**भिलाई।** आबकारी एक्ट के तहत पुलिस ने 82 आरोपियों को पकड़ा गया है। होली त्यौहार के दौरान शांति, कानून व्यवस्था बनाए रखने, नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए थाना चौकी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें 32 प्रकरण में 42 आरोपियों को अवैध रूप से शराब संग्रहण विक्रय करते पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 1090 पौवा अवैध देशी विदेशी मदिरा, विक्री रकम समेत 1.08 लाख 800 का सामान जब्त किया गया। इसके अलावा सार्वजनिक स्थलों पर मद्यपान करते पाए जाने पर 40 प्रकरण में 40 आरोपियों पर वैधानिक कार्रवाई की गई।

पुलिस ने 28 असामाजिक तत्वों पर की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

भिलाई। होली त्यौहार के दौरान जिले में कानून, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान असामाजिक तत्वों, चाकूबाजी की प्रवृत्ति रखने वाले व्यक्तियों, अवैध रूप से हथियार रखने वालों पर निगरानी रखी गई। थाना दुर्ग 2, मोहन नगर से 4, अंजोरा से 1, नगपुरा से 1, नेवई से 2, सुपेला 5, जामुल 2, पुरानी भिलाई से 4, पाटन 1, उतई 2, धमधा 4 आरोपियों को पकड़ा गया।

# निर्माण कार्य व पीएम आवास योजना में मापदंडों का पूर्ण पालन करें: सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पंचायत देवकर के विभिन्न निर्माण कार्यों को लेकर की गई शिकायतों पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) केशराम साहू ने विस्तृत प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंपते हुए आरोपों को पूर्णतः काल्पनिक, भ्रामक एवं निराधार बताया है। नगर पंचायत प्रशासन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि सभी विकास कार्य शासन के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप कराए जा रहे हैं।

उन्होंने प्रतिवेदन में स्पष्ट किया कि नगर पंचायत देवकर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 03 में परपोडी चौक से पौनीपसारी बाजार तथा आगे तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ठेकेदार अंकुश शर्मा (साजा) द्वारा कराया जा रहा है। यह निर्माण कार्य पौनी पसारी के पीछे स्थित शीतला तालाब के बंड क्षेत्र में किया जा रहा है। नगर पंचायत ने स्पष्ट किया कि उक्त सड़क निर्माण के लिए विधिवत प्रस्ताव पारित किया गया है। सीएमओ ने शीतला तालाब पर अध्यक्ष द्वारा उठाए गए सवाल पर कहा कि शीतला तालाब के जलभराव क्षेत्र में किसी प्रकार का प्रदूषण या क्षति नहीं हो रही है। यह कार्य छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर द्वारा संचालित राज्य प्रवर्तित योजना "नवीन सरोवर-धरोहर योजना" के प्रावधानों के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसमें पाथवे निर्माण का भी प्रावधान है। सड़क निर्माण कार्य तकनीकी मानकों एवं स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप जारी है।

## नपं देवकर के विकास कार्य पर सीएमओ ने उठाए सभी आरोपों का किया खंडन

### मुक्तिधाम निर्माण में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान

बस स्टैंड के पीछे स्थित मुक्तिधाम में अहाता निर्माण कार्य को लेकर भी शिकायत की गई थी। इस संबंध में नगर पंचायत ने बताया कि निर्माण स्थल पर प्रारंभ में लाई गई रेत की गुणवत्ता पर संज्ञान लेते हुए संबंधित ठेकेदार को सूचना पत्र जारी किया गया था। इसके बाद ठेकेदार द्वारा रेत बदल दी गई तथा पूर्व में लाई गई रेत का उपयोग निर्माण में नहीं किया गया। शिकायत में प्रयुक्त सरिये को कबाड़ी का पुराना सरिया बताया गया था, जिसे प्रशासन ने सिरे से खारिज किया है। ठेकेदार द्वारा उपयोग किए गए सरिये का विधिवत क्रय बिल प्रस्तुत किया गया है। निर्माण कार्य में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप फ्लाईएश ईंटों का उपयोग किया जा रहा है। **पारदर्शिता के साथ हो रहे विकास कार्य:** नगर पंचायत देवकर सीएमओ केशराम साहू ने स्पष्ट किया है कि सभी विकास कार्य पूर्ण पारदर्शिता एवं शासन के नियमों के अनुरूप किए जा रहे हैं। साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपुष्ट एवं भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करें और किसी भी शंका की स्थिति में सीधे नगर पंचायत कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के आरोप भी असत्य

महावीर वार्ड क्रमांक 05 निवासी अजय अग्रवाल (पिता – लल्लू प्रसाद अग्रवाल) के आवास निर्माण को लेकर लगाए गए आरोपों को भी नगर पंचायत ने निराधार बताया है। शिकायत में आवास निर्माण को मुख्यमंत्री आबादी पट्टा खसरा क्रमांक 1042, भूखंड क्रमांक 460 पर बताया गया था, जिसे पूरी तरह गलत बताया गया है। नगर पंचायत के अनुसार संबंधित हितग्राही द्वारा शासन को प्रस्तुत डीपीआर में उनके पिता के नाम दर्ज लगानी भूमि (खसरा क्रमांक 1532) का उल्लेख है। लल्लू प्रसाद अग्रवाल द्वारा उक्त भूमि पर आवास निर्माण हेतु विधिवत स्टाम्प पर सहमति पत्र प्रदान किया गया है। नगर पंचायत प्रशासन ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति के पश्चात निर्धारित दिशा-निर्देशों एवं मापदंडों के अनुरूप निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। कार्य पूर्ण होने पर तत्कालीन उप-अभियंता एवं वास्तुविद द्वारा 09 सितंबर 2025 को पूर्णता प्रमाण पत्र भी जारी किया गया है।

## पर्व : कई स्थानों पर 2 मार्च की रात किया गया होलिका दहन

# चंद्रग्रहण-भद्रा के साये में होलिका दहन को लेकर संशय, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रंगों का पर्व होली इस वर्ष मार्च के पहले सप्ताह में दस्तक दे रहा है। पर्व को लेकर जिलेभर में उत्साह और रौनक चरम पर है, लेकिन इस बार होलिका दहन के मुहूर्त को लेकर संशय की स्थिति बनी रही। चंद्रग्रहण और भद्रा के साये के कारण दहन के लिए सीमित समय मिलने से लोगों और पंडितों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

- वहीं आज अलसुबह भी होलिका दहन का है शुभ मुहूर्त

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार होलिका दहन के लिए पूर्णिमा तिथि और प्रदोषकाल (सूर्यास्त के बाद का समय) का एक साथ होना अनिवार्य माना जाता है। 2 मार्च की रात पूर्णिमा तिथि प्रारंभ हो चुकी थी, किंतु उस समय भद्रा का मुख होने से दहन को शास्त्रों में शुभ नहीं माना गया। मान्यता है कि भद्रा मुख में अग्नि प्रज्वलित करना सुख-शांति के लिए हितकारी नहीं होता। पंडितों के अनुसार 3 मार्च को पूर्णिमा तिथि शाम 5:07 बजे तक ही रहेगी। शास्त्र सम्मत नियमों के अनुसार यदि पूर्णिमा प्रदोषकाल से पूर्व समाप्त भी हो जाए, तो उसी दिन के प्रदोषकाल में होलिका दहन करना श्रेष्ठ माना जाता है। इसी कारण जिले में कुछ स्थानों पर 2 मार्च की रात दहन किया गया, जबकि कई जगह 3 मार्च की अलसुबह होलिका दहन का निर्णय लिया गया। स्थानीय पंडितों ने 3 मार्च की सुबह 5 बजे से लगभग 128 मिनट का सीमित शुभ मुहूर्त बताया है, जिसमें विधि-विधान से दहन किया जाएगा।



### संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस प्वाइंट, हुड़दंगियों पर सख्ती

होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिला मुख्यालय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों पर फिक्स प्वाइंट बनाए गए हैं। पेट्रोलिंग पार्टी लगातार गश्त करेगी और हुड़दंग या अव्यवस्था फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के सभी थाना प्रभारियों की बैठक लेकर कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि होली का पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या अशांति फैलाने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### देशी सामानों की खरीदारी पर जोर, बाजार गुलजार

होली को लेकर जिला मुख्यालय का बाजार पूरी तरह गुलजार नजर आया। नवीन बाजार सहित विभिन्न स्थलों पर विशेष अस्थायी दुकानों की सजावट की गई है। सोमवार सुबह से ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोग खरीदारी के लिए उमड़ पड़े। रंग-गुलाल, पिचकारी, बच्चों के लिए विभिन्न आकर्षक आकृतियों वाले खिलौने और सजावटी सामान की जमकर बिक्री हुई। इस वर्ष लोगों का रुझान विशेष रूप से भारतीय और देसी उत्पादों की ओर देखा गया। व्यापारियों के अनुसार महंगाई के बावजूद खरीदारी में कमी नहीं आई है। जिस तरह से बाजार में भीड़ और बिक्री का माहौल रहा, उससे साफ है कि त्योहार को लेकर लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ है।

### मंदिरों के पट रहेंगे बंद

चंद्रग्रहण के चलते जिले के प्रमुख मंदिरों में विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिरों के पुजारियों ने बताया कि 3 मार्च को प्रातः आरती-पूजन के पश्चात सुबह 9 बजे से सूतक प्रारंभ हो जाएगा और चंद्रग्रहण की समाप्ति संध्या 7 बजे तक मंदिरों के पट बंद रहेंगे। ग्रहण समाप्ति के बाद देवी-देवताओं का गंगाजल एवं शुद्ध जल से स्नान-ध्यान कराकर पुनः आरती-पूजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों के अधिकांश मंदिरों में यही व्यवस्था लागू रहेगी।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं आमजनों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने अपनी विभिन्न मांगों, शिकायतों एवं समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकाो दूरभाष पर एवं समक्ष बुलाकर प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कई प्रकरणों का समाधान मौके पर ही किया गया। जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य आवेदनों को समय-सीमा (टीएल) पंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

- जनदर्शन में प्राप्त हुए 21 आवेदन, कई मामलों का मौके पर निराकरण

### समस्याओं के शीघ्र समाधान का मिला आश्वासन

जनदर्शन में निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चालित ट्रायसायकल, प्रधानमंत्री आवास योजना, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों को उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिपं सीईओ ने ग्राम रेवे का किया निरीक्षण, जल संरक्षण के लिए की रिचार्ज पिट निर्माण की अपील



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत बेरला विकासखंड के ग्राम पंचायत रेवे का निरीक्षण किया।

- मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, स्कूल व आंगनवाड़ी कार्यों की करी समीक्षा

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनरेगा कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला सीईओ ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए रिचार्ज पिट निर्माण अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भूजल स्तर को बनाए रखने और भविष्य में जल संकट से बचने के लिए प्रत्येक घर में रिचार्ज पिट का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने घरों में रिचार्ज पिट बनाने की अपील की। इस दौरान निर्माणाधीन रिचार्ज पिट का अवलोकन कर उसके तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी दी गई।

### श्रमिकों से भी किया संवाद

जिला सीईओ ने मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कार्यस्थलों की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और श्रमिकों से संवाद कर योजनाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण किया गया। जिला सीईओ ने लाभार्थियों से चर्चा कर योजना से मिल रहे लाभों की जानकारी प्राप्त की वही सीईओ ने स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों से बातचीत की। उन्होंने शिक्षकों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों की शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति विशेष जागरूकता बनाए रखने के निर्देश दिए।

### ग्राम पंचायत की समस्याओं से कराया अवगतः

सरपंच पिंटू सिंहा ने ग्राम पंचायत की विभिन्न समस्याओं से जिला सीईओ को अवगत कराया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व जिला प्रशासन के निर्देशानुसार अधिक से अधिक घरों में रिचार्ज पिट निर्माण सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत बेरला की मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीप्ति मंडावी, अनुविभागीय ▶▶| शेष पेज 11 पर

### महिला का पहले रेप फिर हत्या कर लाश को लगाया ठिकाने, आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** डेढ़ माह पहले कुम्हारी थाना क्षेत्र में मिले अज्ञात महिला के शव मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि कैवल्य धाम के पीछे परसद्दा खेत में महिला की लाश मिली थी। पीएम पता चला कि महिला को गला दबाकर हत्या किया गया था। महिला की शिनाख्त और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पांच विशेष टीमों का गठन किया गया। विभिन्न गली-मोहल्लों, आस-पास के गांवों, संभावित स्थानों पर व्यापक स्तर पर फोटो दिखाकर पहचान का प्रयास किया। पुलिस ने हजारों संदिग्धों से पूछताछ की गई। सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया।

# नांदघाट में पूरी हुई उद्गम से संगम तक की महापदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी के संयोजक डॉ. वैभव बेमेतरिहा के नेतृत्व में "पानी बचाओ, बानी बचाओ" अभियान की हांफ नदी पदयात्रा का दूसरा चरण 28 फरवरी को पंडरिया से प्रारंभ होकर 2 मार्च को शिक्नाथ और हांफ नदी के संगम पर तरपोंगी नांदघाट में सफलतापूर्वक समाप्त हुआ। इस 135 किमी की यात्रा में नदी के किनारे सड़क, झाड़ी, पहाड़ी, मैदान, जंगल और खेतों से होकर मार्ग तय किया गया और ग्रामीणों तक जल संरक्षण तथा छत्तीसगढ़ी भाषा के महत्व का संदेश पहुंचाया गया। डॉ. वैभव बेमेतरिहा ने बताया कि वर्षा जल और प्राकृतिक नदी स्त्रोतों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नदी के किनारे उत्खनन, पानी रोकना और जल दुरुपयोग से बहाव पर असर पड़ रहा है। पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों, विद्यार्थियों और निवासियों को पंपलेट्स और संवाद के माध्यम से जल संकट और भूगर्भ जलस्तर में गिरावट ▶▶| शेष पेज 11 पर

- ग्रामीण जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बनी यात्रा

हांफ नदी संरक्षण अभियान



### जल संरक्षण के उपाय

डॉ. वैभव बेमेतरिहा ने बताया कि पानी बचाने के लिए वर्षा जल संचयन, भूगर्भ जल स्तर बढ़ाना और नदी किनारे वृक्षारोपण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि नदी के उत्खनन और पानी रोकने की प्रवृत्ति से बहाव प्रभावित हो रहा है और भविष्य में यह गंभीर समस्या बन सकती है।

**मातृभाषा छत्तीसगढ़ी का महत्वः** डॉ. वैभव ने छत्तीसगढ़ी भाषा की उपेक्षा पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि राज्य में 65% लोग छत्तीसगढ़ी बोलते हैं, फिर भी इसे पंचायत और विधानसभा स्तर पर उचित स्थान नहीं मिला। उन्होंने स्कूलों में मातृभाषा के स्थान पर हिंदी और अंग्रेजी को प्राथमिकता देने पर भी ध्यान आकर्षित किया।

## संगठनात्मक समीक्षा के साथ सांस्कृतिक एकता का संदेश

# किसान भवन में हुई मां भद्रकाली जिला मानस संघ का बैठक व होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मां भद्रकाली जिला मानस संघ का किसान भवन में बैठक एवं होली मिलन समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम के पूजन-अर्चन तथा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुआ, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय ऊर्जा से आलोकित हो उठा।

बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए मानस व्याख्यानमाला प्रतियोगिता के दोनों चरणों पर चर्चा की गई। प्रथम चरण चारों तहसीलों में सफलतापूर्वक सम्पन्न होने तथा द्वितीय चरण का लोलेसरा में व्यापक स्तर पर आयोजन होने पर संतोष व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने आयोजन की गुणवत्ता, सहभागिता और भावनात्मक प्रभाव की सराहना करते हुए आगामी कार्यक्रमों को और अधिक सुव्यवस्थित, जनसहभागी एवं प्रभावी बनाने के सुझाव दिए। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय मानस व्याख्यानमाला के सफल आयोजन हेतु गुरुकृपा सेवा सत्संग समिति लोलेसरा को सम्मानित किया गया।

**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी एवं पंजीकृत मंडलियों के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। नरेन्द्र जायसवाल, विष्णु साहू, डॉ. ओमकार चन्द्राकर, भीखम लाल देवांगन, चन्दु साहू, धनेश वर्मा, बाबूलाल साहू, लता निषाद, कल्याणी सेन, खेलन राजपूत, गजेन्द्र वर्मा, ओम यदु, विश्वनाथ साहू, आत्मा पटेल, विनोद साहू, अजय यादव, संतोष साहू, बेबी साहू, रमा साहू, ममता साहू सहित चारों तहसीलों के अध्यक्ष बिहारी लाल यादव, महेश कुमार साहू, उत्तम कुमार साहू एवं श्रवण कुमार साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओमकार चन्द्राकर एवं भीखम लाल देवांगन द्वारा किया गया।



### होली मिलन समारोह में दिखी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की जीवंत झलक

बैठक में संरक्षक के रूप में पधारे रीझन सेन, शिव साहू, महेंद्र सिंह चौहान, ईश्वर सिन्हा, माधोराम साहू, ईश्वर सिंह राजपूत, मेहतरु राम ध्रुव, अभ्भन सेन एवं देवलाल सिन्हा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में संघ की गतिविधियों को समाज में सांस्कृतिक जागरण का सशक्त माध्यम बताते हुए सतत सेवा, अनुशासन और संगठन विस्तार पर बल दिया। संगठन विस्तार के अंतर्गत डॉ. मनीष सिन्हा (ग्राम बचेड़ी) को शक्ति केंद्र देवकर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं संगठन सचिव छगन लाल साहू ने वार्षिक आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक उपरांत आयोजित होली मिलन समारोह ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी संस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत की। नगाड़ों की थाप पर संगीतमय फाग गीतों की मधुर धुनों के बीच पारंपरिक एवं पौराणिक लोकगीतों का सामूहिक गायन हुआ। उपस्थित जनों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर आपसी सद्भाव, प्रेम और सामाजिक एकता का संदेश दिया। उत्सव का उल्लासपूर्ण वातावरण पूरे जिले में सांस्कृतिक समरसता का संदेश प्रसारित करता रहा।

कार्रवाई : तीन अलग-अलग मामलों में दर्ज किए गए थे लूट के मामले, सूनसान रास्तों में लोगों से की जाती थी लूट

# छल्ला गैंग के आधा दर्जन लुटेरे किए गए गिरफ्तार, एक नाबालिग भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला कबीरधाम अंतर्गत थाना कुकदूर क्षेत्र में हाल के दिनों में तीन अलग-अलग स्थानों पर लूट की घटनाओ को अंजाम देने वाले छल्ला नाम के गिरोह का पुलिस ने पर्दाफास किया है। पुलिस ने इस गिरोह में शामिल एक नाबालिग सहित कुछ आधा दर्ज आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नगद राशि, मोबाईल फोन तथा मोटर सायकल बरामद की है।

आरोपियों के विरूद्ध थाना कुकदूर में दर्ज 3 अलग-अलग अपराध क्रमांक 10/2026, 11/2026, 12/2026 के तहत कार्यवाही की जा रही है। इस बड़ी सफलता के बाद पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि हाल के दिनो जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र में लूट की कुछ घटनाएं सामने आई थी जिनमें राह चलते लोगों को डरा-धमकाकर नगदी, मोबाईल फोन एवं मोटर सायकल जैसी संपत्ति लूट ली गई थी। इन घटनाओं के पीड़ित प्रारंभिक रूप से भय के कारण थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराने से कतरा रहे थे, परंतु थाना कुकदूर पुलिस द्वारा पीड़ितों को समझाइश देकर हौसला बढ़ाया गया, सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा विधिक कार्यवाही की प्रक्रिया समझाई गई, जिसके बाद पीड़ितों ने साहस दिखाते हुए विधिवत रिपोर्ट दर्ज कराई।

घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल प्रभाव से विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के निर्देशन में तथा एसडीओपी पंडरिया भूपत सिंह धनश्री के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर सघन पतासाजी, तकनीकी साक्ष्य संकलन, संदिग्धों से पूछताछ एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पहली घटना 7 फरवरी 2026 की है, जिसमें ग्राम कबराटोला निवासी वाहन चालक के साथ ग्राम भुरभुसपानी से लगभग 02 किलोमीटर आगे घाटी के पास डंडा दिखाकर डराने-धमकाने के बाद जेब में रखे 5000 रुपए नगद की लूट की गई थी। दूसरी घटना 26 फरवरी 2026 की है, जिसमें ग्राम सिंगपुर निवासी युवक के साथ कुई-बदना मार्ग पर बुडूनरान नाला के पास तीन आरोपियों द्वारा मारपीट कर मोबाईल फोन एवं नगदी लूट ली गई थी तथा मोटर सायकल की चाबी भी लेकर फरार हो गए थे। इसी प्रकार तीसरी घटना 19 फरवरी 2026 की है, जिसमें ग्राम छिन्दीडीह निवासी युवक को बहाने से मोटर सायकल में बैठाकर दमगढ़-नेऊर मार्ग पर पुल के पास रोककर मारपीट कर उसकी मोटर सायकल लूट ली गई थी। मामले में थाना कुकदूर में 3 अलग अलग अपराध क्रमांक 10/2026, 11/2026, 12/2026 दर्ज किया गया है। थाना कुकदूर में 3 अलग अलग अपराध क्रमांक 10/2026, 11/2026, 12/2026 दर्ज किया गया है। घटनाओं की तफ्तीश के दौरान पुलिस टीम द्वारा इलाके में लगातार दबिश दी गई, संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी गई और तकनीकी व मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कुल 06 आरोपियों को चिन्हित किया गया, जिनमें से 01 विधि से संघर्षरत बालक है तथा 05 आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कार्यवाही शेष है इसलिए उनके नाम उजागर नहीं किए जा रहे है। पहचान कार्यवाही पूर्ण होने से उनके नाम पृथक से जारी किए जाएंगे। विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के तहत पृथक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### पेशेवर ढंग से लुटेरी गैंग द्वारा की जा रही थी लूटपाट



पूरे प्रकरण में थाना कुकदूर पुलिस की सतर्कता, सतत मेहनत एवं पेशेवर कार्यशैली से यह स्पष्ट होता है कि अपराधी चाहे जितनी भी चालाकी से वारदात को अंजाम दें, वे कानून की पकड़ से नहीं बच सकते। क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है तथा संवेदनशील मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना होने पर भयभीत न हों, तत्काल पुलिस को सूचना दें। कबीरधाम पुलिस अपराध करने वालों के विरुद्ध आगे भी और अधिक कठोर कार्यवाही करेगी। ऐसे कृत्यों में संलिप्त अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कबीरधाम पुलिस के चंगुल से कोई भी अपराधी नहीं बच पाएगा और अपराध की राह चुनने वालों का अंतिम ठिकाना जेल ही है। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक-हीरेंद्र प्रताप सिंह, मनोज तिवारी, संजू झारिया आरक्षक-अजय कांत तिवारी, संदीप पांडेय, दूज राम,पंच राम बघेल, रामकुमार पाटले, कृष्ण कुमार धुर्वे, ईश्वर चंद्रवंशी का विशेष योगदान रहा।



## खड़ौदा में 30 लाख की लागत से पंचायत भवन व पुलिया निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्राम खड़ौदा में बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों को मूर्त रूप देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर ग्राम पंचायत भवन एवं पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। लगभग 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इन निर्माण कार्यों से ग्रामवासियों को बेहतर प्रशासनिक सुविधा के साथ-साथ आवागमन में भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्यों के लिए उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल महामंत्री अमित वर्मा ने कहा कि नए पंचायत भवन के निर्माण से ग्राम पंचायत के शासकीय कार्यों का संचालन अधिक व्यवस्थित और सुचारू रूप से हो सकेगा। अभी तक पंचायत से जुड़े कई कार्य सीमित संसाधनों में संचालित हो रहे थे, जिससे ग्रामीणों को असुविधा होती थी। भवन निर्माण के बाद ग्रामीणों को प्रमाण पत्र, योजनाओं की जानकारी, बैठक एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा।ग्राम में प्रस्तावित पुलिया निर्माण को भी ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण सौगात बताया गया। बरसात के दिनों में आवागमन बाधित होने की समस्या से ग्रामीणों को जूझना पड़ता था। पुलिया बनने के बाद गांव के विभिन्न मोहल्लों एवं आसपास के क्षेत्रों से संपर्क आसान होगा, जिससे किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। यह निर्माण कार्य क्षेत्रीय विकास को नई दिशा प्रदान करेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीराम साहू, मंडल भाजपा उपाध्यक्ष लालचंद साहू, मंडल भाजपा महामंत्री राजेश साहू, मंडल भाजपा महामंत्री अमित वर्मा, सरपंच दुजेराम साहू, छोटूराम चंद्रवंशी, अजय वर्मा, नोहर धुर्वे, गजेंद्र साहू, दीपक साहू, कामता निर्मलकर, चोवा साहू सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### खबर संक्षेप

#### प्रांजल श्रीश्रीमाल ने उत्तीर्ण की सीए की परीक्षा



**कवर्धा।** नगर के प्रतिष्ठित श्रीश्रीमाल परिवार के होनहार युवा प्रांजल श्रीश्रीमाल ने देश की प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में हर्ष का वातावरण है, वहीं नगरवासियों द्वारा उन्हें लगातार बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। प्रांजल के पिता सतीश श्रीश्रीमाल और माता इंदु श्रीश्रीमाल ने बेटे की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उसके परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि प्रांजल ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि प्रांजल श्रीश्रीमाल, श्रीश्रीमाल परिवार के छठवें सदस्य हैं जिन्होंने सीए की उपाधि प्राप्त की है। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण का प्रमाण है, बल्कि परिवार की शैक्षणिक परंपरा और उत्कृष्टता को भी दर्शाती है। परिजनों और शुभचिंतकों ने आशा व्यक्त की है कि प्रांजल भविष्य में भी इसी तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएंगे और समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नगरवासियों ने प्रांजल श्रीश्रीमाल को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सरकारी निर्माण कार्यों में मानक अनुरूप सीमेंट को अनावश्यक रूप से रिफ्यूज करने पर कैट ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले में संचालित कुछ शासकीय निर्माण कार्यों में बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई के दौरान संबंधित अधिकारी द्वारा निर्माण एजेंसियों पर एक विशेष कंपनी के सीमेंट को अनिवार्य रूप से क्रय करने के लिए अनावश्यक दबाव डाले जाने की शिकायत प्राप्त होने पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के मुताबिक इस प्रक्रिया में श्री जंग रोधक सीमेंट, जो कि निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं अधिकृत उत्पाद है, को बिना किसी ठोस कारण के रिफ्यूज किया जा रहा था। इस संबंध में श्री जंग रोधक सीमेंट कंपनी के अधिकारियों द्वारा कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स को लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई। मामले की गंभीरता को समझते हुए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के जिला कार्यकारी अध्यक्ष वनीत सिंह सलूजा कंपनी प्रतिनिधियों के साथ जिलाधीश कबीरधाम से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की एवं औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। जिलाधीश ने कैट के प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रस्तुत तथ्यों को गंभीरता से लेते हुए शिकायत को उचित पाया तथा तत्काल संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि किसी भी शासकीय निर्माण कार्य में श्री जंग रोधक सीमेंट को रिफ्यूज न किया जाए, क्योंकि यह उत्पाद निर्धारित मानकों पर खरा उतरता है एवं अधिकृत है। निर्माण कार्यों में यदि जंग रोधक सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है, तो उसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता।

## कमेंटेटर नितेश छाबड़ा 5 मार्च को दूरदर्शन पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



राज्य के ख्यात क्रिकेट कमेंटेटर एवं खेल समीक्षक नितेश छाबड़ा दूरदर्शन रायपुर के एक विशेष खेल कार्यक्रम खेल खिलाड़ी, छत्तीसगढ़ एवं आईपीएल में शामिल हुए हैं। इस कार्यक्रम में उन्होंने छत्तीसगढ़ वासी दिल्ली कैपिटल्स के आल राउंडर क्रिकेटर अजय मंडल का इंटरव्यू लिया है। यह कार्यक्रम रायपुर दूरदर्शन से 5 मार्च गुरुवार को शाम 4:30 बजे दूरदर्शन रायपुर से प्रसारित होगा। नितेश छाबड़ा ने पिछले महीने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप के उद्घाटन मैच को कवर किया है। साथ ही वे इस वर्ल्ड कप के फाइनल मैच को भी कवर करेंगे, जो अहमदाबाद में खेला जाएगा। नितेश इसके पूर्व 2023 में अहमदाबाद में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच कवर कर चुके हैं।

## जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने किया परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा 12वीं) अंतर्गत गणित एवं औद्योगिक संगठन के मूल तत्व विषय की परीक्षा के दौरान जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने सहायक संचालक यूआर चंद्राकर के नेतृत्व में तथा एमआईएस प्रशासक सतीश कुमार यदु के साथ संयुक्त रूप से विकासखंड कवर्धा स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण किए गए केन्द्रो में पीएम श्री सेजेस उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम कवर्धा, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा, स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा तथा सेजेस कवर्धा रानी दुर्गावती चौक शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रो पर परीक्षा शांतिपूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई। परीक्षा भवनों में पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन एवं पर्याप्त फर्नीचर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी।

## बोड़ला हिन्दू संगम में दो दिवसीय फाग की महफिल 7 से प्रारंभ

- टोलियों के लिए विशेष पुरस्कारों का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

कबीरधाम जिले के बोड़ला में लोक संस्कृति और सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। रानी दुर्गावती जनकल्याण परिषद और हिन्दू संगम बोड़ला के तत्वावधान में आगामी 7 और 8 मार्च 2026 को दो दिवसीय भव्य होली मिलन एवं फाग गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

हिन्दू संगम बांधाटोला में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में इस बार पुरस्कारों की श्रेणियों में विशेष बदलाव किए गए हैं। आयोजक समिति ने इस बार स्थानीय प्रतिभाओं और विभिन्न वर्गों को प्रोत्साहित करने के लिए इनामों को तीन मुख्य श्रेणियों में बांटा है। अनुसूचित जनजाति श्रेणी यदि इस वर्ग की कम से कम 10 टोलियां भाग लेती हैं, तो उन्हें अलग से प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा। अनुसूचित जाति श्रेणी इसी प्रकार, यदि अनुसूचित जाति की भी 10 या अधिक टोलियां प्रतिभागी बनती हैं, तो उनके लिए भी तीन पृथक पुरस्कारों का प्रावधान रखा गया है। यदि किसी वर्ग से 10 से कम टोलियां आती हैं, तो वह विशेष इनाम श्रेणी विलोपित मानी जाएगी और उन टोलियों को सामान्य कार्यक्रम में सभी के साथ शामिल कर दिया जाएगा। सामान्य प्रतियोगिता में शामिल टोलियों के लिए प्रथम पुरस्कार 11,000, द्वितीय पुरस्कार 7,000, तृतीय पुरस्कार 5,000, चतुर्थ पुरस्कार 3,000 रूपए निर्धारित किया गया है।

### परंपरा और मर्यादा का संगम

हिंदू संगम बोड़ला के संयोजक और इस कार्यक्रम के आयोजक समिति के सदस्य दुर्गेश वर्मा ने स्पष्ट किया है कि प्रतियोगिता में केवल शुद्ध लोक पारंपरिक ब्रजभाषी गीतों का ही उपयोग किया जा सकेगा। किसी भी प्रकार के फूहड़ या अमर्यादित गानों पर टोली को तुरंत अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। प्रत्येक टोली को प्रदर्शन के लिए 30 मिनट का समय दिया जाएगा, जिसमें सुर, ताल और वाद्य यंत्रों की निपुणता पर बोनस अंक भी मिलेंगे। यह दो दिवसीय कार्यक्रम हिन्दू संगम बांधाटोला, बोड़ला में सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। आयोजक समिति ने समस्त सनातनी हिन्दू समाज से इस समरसता के उत्सव में शामिल होने की अपील की है।



रंगों के महापर्व होली पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह, कवर्धा नगर के बाजार में बढ़ी रौनक

## निर्धारित तिथि से पूर्व देररात विधि विधान से किया गया होलिका दहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आपसी प्रेम, सद्भाव का सांस्कृतिक पर्व होली की नगर में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। ग्रहण के चलते इस बार होलिका दहन जहां अपने निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व 2 मार्च के रोज कवर्धा नगर सहित अंचल भर में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ की गई वहीं इससे पूर्व लोगों ने नगर में सजे होली के बाजार में जमकर खरीदी भी की।

उल्लेखनीय है कि पर्व के मौके पर नगर में होली का जबरदस्त ढंग से बाजार सजाया गया है। जहां रंग-गुलाल व नाना प्रकार की पिचकारियों से बाजार अटा पड़ा है। इस हाईटेक युग की होली पर बाजार में विभिन्न प्रकार की कैप, चश्में, हर्बल रंग गुलाल, पांच से एक हजार रूपयें मूल्य की पिचकारियां, दीपावली तर्ज पर रंग चटाई, अनार बम, चंदन टीका के साथ बाजार में 50 से 200 रूपए मूल्य तक में फैंसी गुब्बारे के पैकेट, मास्क उपलब्ध है।

इन तमाम होली उपयोगी साजो सामान की खरीदी को लेकर बाजार में होलिका दहन के रोज लोगों की भारी भीड़ बाजार में देखने को मिली। दिनभर की खरीदी के बाद लोगों ने देरशाम को विधिवत होलिका दहन किया।

**अंचल में रंगो का त्यौहार कल**

होलिका दहन के बाद 4 मार्च को धुरेड़ी की भी लोगों ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पर्व को रंग, गुलाल से सराबोर करने के लिए होली के मद्देनजर नगर में सजी दुकानों से जमकर खरीददारी की जा रही है। पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बच्चों के इस उत्साह को बाजार में लगी रंग, गुलाल तथा पिचकारी की दर्जनो दुकाने और अधिक बढ़ा रही है। कुल मिलाकर माना जा रहा है कि धुड़ेरी के रोज सार्वधिक मौज बच्चों की ही रहनी वाली है।

**सुरक्षा की चाक चौबंध व्यवस्था**

होली के त्यौहार और पर्व के मौके पर जिलेभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कवर्धा नगर की बात की जाए तो यहां नगर के प्रमुख चौक चौराहों मे सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

इसके अलावा कई पेट्रोलिंग पार्टी भी बनाई गई है जो शहर के सभी ईलाकों तथा मुख्य मार्गो में लगातार गस्त कर रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा मोटर सायकल पर तीन सवारियों, हुड़दंगियों, असामाजिक तत्वों तथा शराबियों पर खास नजर रखी जा रही है।

### होली पर्व को देखते हुए कबीरधाम पुलिस का जिला स्तरीय फ्लैग मार्च

**कवर्धा।** जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान कबीरधाम पुलिस के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ बाजार चौक-चौराहों, प्रमुख मार्गों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल मार्च करते हुए नजर आए। पुलिस बल की सशक्त मौजूदगी से आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न हुआ तथा असामाजिक तत्वों एवं अपराधी प्रवृत्ति के लोगों में स्पष्ट संदेश गया कि जिले में कानून का राज है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगामी होली त्योहार को ध्यान में रखते हुए जिले के प्रत्येक थाना एवं चौकी में अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। साथ ही प्रत्येक थाना क्षेत्र में 2-2 अतिरिक्त पेट्रोलिंग वाहन भी तैनात किए गए हैं, ताकि संवेदनशील इलाकों, बाजारों एवं प्रमुख मार्गों पर लगातार गश्त कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। पुलिस द्वारा सार्वजनिक रूप से यह संदेश दिया गया कि होली के नाम पर हुड़दंग, जबरन रंग लगाना, छेड़छाड़, मारपीट, लड़ाई-झगड़ा, वाद-विवाद, गाली-गलौज, तीन सवारी चलाना, तेज व बेतरतीब वाहन चलाना तथा शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन चलाना करने वालों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा। ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर मौके पर ही वैधानिक कार्यवाही की जाएगी तथा आवश्यक होने पर गिरफ्तारी भी की जाएगी। अपराधी किस्म के तत्वों एवं असामाजिक तत्वों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी गई कि त्योहार के दौरान यदि किसी भी प्रकार से शांति भंग करने, डर का माहौल बनाने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में लगातार पेट्रोलिंग, संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी, नाकाबंदी एवं चेकिंग पॉइंट लगाए गए हैं। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे होली का पर्व शांति, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं।

## खबर संक्षेप

### नववर्ष रैली व शोभायात्रा 19 को



**तुमड़ीबोड़।** आगामी 19 मार्च को हिंदू नव वर्ष रैली एवं शोभा यात्रा का आयोजन रखा गया है जिसे लेकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं हिंदू संगठनों ने बैठक आयोजित किया। बैठक में रैली की रूपरेखा, मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजन को भव्य बनाने विभिन्न जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गई। बैठक में समाज प्रमुखों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर हिंदू नव वर्ष को उत्साह एवं एकता के साथ मनाने, घरों में भगवा ध्वज फहराने, शाम को दीप प्रज्वलित करने की अपील की गई।

### श्रद्धांजलि व काव्यांजलि आज

**डोंगरगांव।** नगर के वरिष्ठ साहित्यकार, कवि और सेवानिवृत्त शिक्षक स्व रमेश जैन राही की स्मृति में श्रद्धांजलि- काव्यांजलि कवि सम्मेलन का आयोजन कल 3 मार्च को रखा गया है। अखिल भारतीय शाकाहार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पवन जैन के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में नवाज कौर गाजियाबाद, सुष्टि विया गवला चुनास, महेन्द्र मदगुर उज्जैन, कामता प्रसाद रीवा, पुनीत पांतल फरीदाबाद, पवनी कुमारी धनबाद, उत्कर्ष उत्तम रायबरेली शामिल होकर काव्यपाठ करेंगे। यह आयोजन रात्रि 8 बजे से शिव मंदिर बाजार चौक में रखा गया है।

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष बने देवानंद



**टाटेकसा।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप साहू ने गत दिनों मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्रियों के नाम की घोषणा की है। श्री साहू ने छुरिया भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष पद पर देवानंद सहारे को नियुक्त किया है। वहीं रमेश पाल एवं महेश साहू को महामंत्री पद की जिम्मेदारी दिया है। कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।

### आज ग्रहण, कल रंगोत्सव

**डोंगरगढ़।** होली के एक दिन पूर्व 3 मार्च को ग्रहण के चलते होलिका दहन की तैयारी को लेकर जय स्तंभ चौक में मारवाडी समाज ने 2 मार्च को प्रातः डांडा पूजा कर होलिका की स्थापना किया। पं. त्रिलोकचंद दुबे ने पूजा



अर्चना कराकर होलिका के साथ प्रहलाद की स्थापना कराया। मारवाडी समाज की महिलाओं ने होलिका की पूजा कर गोबर से बने बडकुल चढ़ाकर भोग पकवान चढ़ाया। 3 मार्च को ग्रहण के बाद दूसरे दिन 4 मार्च को रंगो का त्योहार मनाया जाएगा।

### सैनिक स्कूल में पढ़ेगा खड़गांव का धीरज



**खड़गांव।** विद्या श्री विजडम स्कूल के छात्र धीरज भोई का सैनिक स्कूल अंबिकापुर में प्रवेश के लिए सलेक्शन हुआ है। स्कूल के प्राचार्य श्री चौधरी ने बताया कि विद्यालय से प्रतिवर्ष सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए छात्र- छात्राओं का चयन होता है। इस वर्ष विद्यालय के होनहार छात्र धीरज भोई का चयन हुआ। प्रबंधक गजानंद चौधरी ने बताया कि विद्यालय के छात्र छात्राओं का हर सत्र में नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, सैनिक स्कूल में चयन होता है। चयनित धीरज भोई ने सैनिक स्कूल में चयनित होने का श्रेय विद्या श्री विजडम स्कूल, माता-पिता को दिया है।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने आगे आएं पंचायतें

**खैरागढ़।** जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय संगठन के महिला विंग नार्थ जोन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रानी राजलक्ष्मी तिवारी ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है, जिस पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए शासन-प्रशासन के साथ-साथ सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को भी आगे आना होगा। रानी राजलक्ष्मी तिवारी ने जनमानस से अपील करते हुए कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग और कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही वाहन का बीमा, फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज समय-समय पर अपडेट कराते रहें। सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि अधिकांश सड़क हादसे नशे की वजह से हो रहे हैं। नशे की हालत में वाहन चलाने से दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने इसे चिंता का विषय बताते हुए कहा कि जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है, जो चिंता का विषय है। उन्होने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में तेज रफ्तार पर नियंत्रण के लिए ग्राम पंचायतों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सुझाव दिया कि गांवों में भारी वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच आगे आएं और मुख्य मार्गों पर लोहे के बैरियर या स्पीड ब्रेकर लगाए ताकि दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। जनपद स्तर पर सभी सरपंचों की बैठक आयोजित कर इस गंभीर विषय पर विस्तृत चर्चा की जानी चाहिए। उन्होंने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से अपील की कि गांव-गांव की सडक़ों पर स्पीड स्टॉपर और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किया जाएं ताकि सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके।


**// न्यायालय नायब तहसीलदार बेरला, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)//**

**// उपस्थिति हेतु समंस //**

रा.प्र.क्र. 202407232400006 /अ-27 / वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण गंगूराम पिता चोवाराम साहू एवं अन्य 04 निवासी ग्राम सिंगदेही तहसील बेरला जिला-बेमेतरा के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि ग्राम सिंगदेही प.ह.नं. 33 तहसील बेरला, जिला बेमेतरा छ.ग. स्थित भूमि ख.न. क्रमशः 48, 53, 56, 71, 452, 847, 848, 859, 1008 रकबा क्रमशः 0.31, 0.06, 0.03, 0.15, 0.07, 0.04, 0.04, 0.06, 0.18 हे. कुल ख.नं. 09 कुल रकबा 0.94 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदकगण एवं अनावेदकगण के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है। उक्त वाद भूमि को 1/5, 1/5 हिस्सा करते हुए खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, तलवाना फार्म पेश किया गया है।

इस संबंध में पेशी दिनांक 23/3/2026 को अनावेदिकागण सहखातेदार भूमिस्वामी नीतू पिता लेखूराम साहू पति राकेश साहू निवासी वार्ड नं. 19 बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा छ.ग. एवं रीतू पिता लेखूराम साहू पति योगेश साहू निवासी ग्राम कुम्ही तहसील भिभौरी जिला बेमेतरा छ.ग. तथा माधुरी पिता लेखूराम साहू निवासी ग्राम कुसमी तहसील बेरला जिला बेमेतरा छ.ग. की उपस्थिति हेतु नियत किया गया है। आज दिनांक 11/02/2026 को इस न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से ईश्तहार जारी किया।

तहसीलदार
बेरला, जिला-बेमेतरा

**न्यायालय तहसीलदार भिंभौरी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र./ अ-6अ/वर्ष 2025-26

क्रमांक/2763/वा.तह. /2026

भिंभौरी, दिनांक 18.02.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार पिता लिखराम निवासी साकिन गुधेली तहसील भिंभौरी जिला बेमेतरा छ.ग. ने आवदेन पेश किया है कि ग्राम गुधेली प.ह.नं. 13 स्थित भूमि ख.नं. 568/2 रकबा 6.0250 हे. भूमि के राजस्व अभिलेख में आवेदक एवं सहखातेदार स्व. ध्रुवकुमार, राजेन्द्र कुमार, नेतराम के नाम पर दर्ज है। जोकि बंदोबस्त सर्वेक्षण मिसल वर्ष 1982-83 में ख. नं. 586/2 का पुराना नं. 332, 333 को त्रुटिवश घास मद में दर्ज कर दिया गया है। जबकी अन्य दस्तावेजों मिसल बंदोबस्त वर्ष 1928-29, चकबंदी 1936-37, मिसल बंदोबस्त वर्ष 1936-73, अधिकार अभिलेख 1954 बंदोबस्त के पूर्व बी-1 एवं खसरा में ख.नं. 568 पूर्वजो के नाम पर दर्ज है। जिसका बंदोबस्त पूर्व ख.नं. 287/33, 568/2 का टु रिनंबरिंग ख.नं. 332 रकबा 0.2100 हे. पानी के नीचे तथा बंदोबस्त पूर्व ख.नं. 568/2 का टु रिनंबरिंग ख.नं. 333 रकबा 0.1200 हे. आवेदक के पूर्वज के नाम पर दर्ज है। अतः राजस्व अभिलेख तथा बी-1 में दर्ज घास मद को अपने एवं सहखातेदारों के नाम स्व. ध्रुवकुमार, राजेन्द्र कुमार, नेतराम पर कृषि भूमि मद में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, बी-01, और पुराने बंदोबस्त रिकार्ड पेश किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेशी दिनांक 13/03/2026 के पूर्व पेश कर सकते है।

आज दिनांक 18/02/2026 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा सहित जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार
भिंभौरी, जिला बेमेतरा


## सीएमओ दे रहे खैरागढ़ में सेवा, गंडई नपं की व्यवस्था चरमराई

# अव्यवस्था के खिलाफ भड़का आक्रोश नगर पंचायत कार्यालय में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत में सीएमओ की गैरमौजूदगी में फैली प्रशासनिक अव्यवस्था से नाराज नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षदों और कांग्रेसियों ने नगर पंचायत कार्यालय में ताला जड़ दिया। घंटों हंगामे और तनातनी के बाद एसडीएम के आश्वासन पर फिलहाल ताला खोल दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि गंडई नगर पंचायत में पदस्थ सीएमओ अविनाश देवांगन को कुछ महीनों पहले खैरागढ़ नगर पालिका का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। दोहरी जिम्मेदारी के कारण वह अधिकांश समय खैरागढ़ में ही गुजार रहे है जिसके चलते गंडई विकास कार्य और जनता के काम अटके हुए हैं।



प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ा नगर पंचायत गंडई

सीएमओ को खैरागढ़ का प्रभार देने से कामकाज ठप



सीएमओ के दो स्थानों पर प्रभार दिए जाने से प्रशासनिक अव्यवस्था

भड़के गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष, निकाय में ताला जड़ने की दी चेतावनी



**खबर के बाद गरमाया माहौल**

नगर पंचायत की प्रशासनिक अव्यवस्था को लेकर हरिभूमि ने गत 6 फरवरी को प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ा नगर पंचायत गंडई शीर्षक से खबर प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशन के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक हल्कों में हडकंप मच गया था। पार्षदों का दर्द सामने आया। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने मामले की गंभीरता को लेते हुए बताया कि अगर जल्द ही प्रशासन ने सीएमओ अविनाश देवांगन को नगर पंचायत गंडई में पूरा समय देने का आदेश जारी नही करता तो निकाय में ताला जड़ देंगे। इस आशय की खबर हरिभूमि में 27 फरवरी को प्रकाशित हुई थी।

**आंदोलन की चेतावनी**

काफी गहमागहमी के बाद एसडीएम अविनाश ठाकुर ने उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर जल्द व्यवस्था सुचारू करने का आश्वासन दिया। जिस पर अध्यक्ष श्री खुशरो ने शर्त रखी कि प्रशासन के पास केवल एक हफ्ते का समय है। एक सप्ताह के भीतर सीएमओ को पूर्णकालिक गंडई में बैठने का निर्देश जारी नहीं हुआ, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चंदेल, भिगेश यादव, रणजीत चंदेल, दिलीप ओंगरे, अमन सोनी, तामेश्वर साहू, अमित टंडन, नारायण चतुर्वेदी, सोनल क्रांति ताम्रकार, किसुन मिर्चे, शैलेन्द्र दुबे, हेमलता ठाकुर, रूखमणी देवांगन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

**बैठक में दिया था अल्टीमेटम**

नपं अध्यक्ष खुशरो ने गत 27 फरवरी को शांति समिति की बैठक में एसडीएम अविनाश ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट कर दिया था कि 2 मार्च को निकाय में ताला जड़ा जाएगा। अध्यक्ष की चेतावनी को प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया, जिसके परिणामस्वरूप सोमवार सुबह कार्यालय खुलने से पहले ही अध्यक्ष और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चैनल गेट पर ताला जड़ दिया।

**एसडीएम और तहसीलदार का विरोध**

तालाबंदी की सूचना मिलते ही एसडीएम अविनाश ठाकुर और तहसीलदार नेहा ध्रुवे मौके पर पहुँचे। अधिकारियों ने अध्यक्ष को मनाने की काफी कोशिश की, लेकिन कांग्रेसियों की नारेबाजी और अध्यक्ष की जिद के आगे प्रशासन बेबस नजर आया। अध्यक्ष खुशरो इस बात पर अड़े रहे कि जब तक सीएमओ को पूर्णकालिक सेवा देने का आदेश जारी नहीं होता तब तक ताला नहीं खुलेगा।



## धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं : गिरवर

**डोंगरगढ़।** तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर ने सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत परिवार सम्मेलन का आयोजन पुजारीटोला, बंजारी, भगवानटोला, बजरंगीडीह, मोहनपुर में किया। सम्मेलन में तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू ने कहा कि साहू समाज ने कुरूतियों को दूर करते हुए जो नियमावली है उसके तहत समाज को चलना होगा ताकि स्वच्छ समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में युवतियां बहुत आगे है तो युवक बहुत पीछे है इस असमानता को दूर करना हम सब का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि साहू समाज सभी धर्मों का सम्मान करता है लेकिन धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सम्मेलन में कमलेश साहू, रामाधीन साहू, राजेन्द्र साहू, उमा साहू, हनुमानदास साहू, दुर्गेश साहू, खिलेश्वर साहू, रोहित साहू, उभेराम साहू, मिलेश साहू, मधु साहू, ललिता साहू आदि शामिल हुए।

## संयुक्त कलेक्टर ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सुमनराज ने सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, प्रकरणों के निराकरण की स्थिति तथा पीड़ित महिलाओं को दी जा रही सहायता सेवाओं की विस्तार से जानकारी ली।

उन्होंने केंद्र में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दस्तावेजों के संधारण, गोपनीयता व त्वरित सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि संकटग्रस्त महिलाओं को विधिक सहायता, परामर्श, चिकित्सा व अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाएं समयबद्ध और संवेदनशील तरीके से उपलब्ध कराई जाएं। केंद्र के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप पीड़ित महिलाओं को त्वरित राहत व समुचित मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करें।

## बांसों की बेरोकटोक कालाबाजारी

### अवैध कटाई पर अंकुश लगाने में विभाग विफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

वनांचल के जंगलों से बांस के कूप खत्म होते नजर आ रहे है। बांस की अवैध कटाई को रोकने को लेकर परिक्षेत्र अधिकारी गंभीर नजर नही आ रहे है। एक ओर बांस की किल्लत बताकर वन विभाग बंसोडों को बांस उपलब्ध कराने में असमर्थ नजर आ रहे हैं वही बांस के व्यापारी बडी मात्रा में हर साईज के बांस लाकर बेच रहे है।

जानकारी के अनुसार देवकटटा नाला पुल के पास एक ठेकेदार द्वारा बडे पैमाने में हर साईज का बांस सडक किनारे रख कर बेच रहा है। जबकि वन विभाग के अधिकारियों को उक्त ठेकेदार द्वारा विभागीय स्तर पर टुकडा बांस खरीद कर बेचने की जानकारी है। देवकटटा पुल के आसपास दो एकड जमीन पर हर साईज के हरे बांस नजर आ रहे है। मौके पर बांस काटने की इलेक्ट्रीक मशीन भी उपलब्ध है। मौके पर सरकारी डिपो से लाए गए पुराने बांसो के अलावा जंगल से काट के लाये गये हरे बांस भी नजर आए। आसपास के लोगो ने बताया की बांस का कारोबार पिछले दो साल से चल रहा है।



**बांस की कालाबाजारी**

जानकारी के अनुसार सरकारी स्तर पर बांस अछोली काष्टागार से नीलामी के माध्यम से बेचा जाता है। वहीं चौथना, लाल बहादुर नगर, ढारा, रानीगंज बांस डिपो से कंडरा लोगों को बांस उपलब्ध कराया जाता है। बम्लेश्वरी डिपो से टुकडे बांस की नीलामी की जाती है किंतु अधिकारियों की सांठगांठ से अवैध रूप से लाए गए बांसो को अधिक कीमत में बेचा जा रहा है।

## मुतेड़ा में आम आदमी पार्टी का किसान न्याय जनसभा

**खैरागढ़।** ब्लाक के ग्राम नवागांव मुतेड़ा में आम आदमी पार्टी ने किसान न्याय जनसभा का आयोजन किया। इस दौरान प्रदेश आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव पवन चंद्रवंशी ने कहा मुख्य मार्ग से नवागांव की सड़क आज तक पक्की नहीं हो पाई है यह दुर्भाग्य है। लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी, लोकसभा संगठन महासचिव कमलेश स्वर्णकार, लोकसभा उपाध्यक्ष अशोक चौबे, जिला प्रभारी देवीचंद्र चंद्रवंशी, लोकसभा किसान अध्यक्ष रमेश यादव, जिला अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, जिला महासचिव श्याम मूर्ति नायडू ने सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि खाद-बीज, यूरिया की उपलब्धता को सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया।

धान बेचने टोकन की समस्या से किसान जूझते रहे। समर्थन मूल्य पर किसान का एक-एक दाना खरीदने का वादा करने वाली सरकार ने किसानो का रकबा समर्पण करवाया उसमे भी मन नही भरा तो घर-घर जाकर किसान की फसल का भौतिक सत्यापन कर उन्हें अपमानित किया। आप नपेताओ ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है जिसमें 75 प्रतिशत किसान है। हाल ही में भारत सरकार द्वारा अमेरिका से जो कृषि उत्पाद पर ट्रेड डील हुई है उसके चलते आने वाले समय में देश का किसान बर्बाद हो सकता हैं। कार्यक्रम में लोकसभा उपाध्यक्ष संतोष यादव, मानपुर मोहला प्रभारी चित्रा गुरुदेव, प्रहलाद चंद्रवंशी, संदीप जंघेल, निलेश महोबे, राजेश्वरी वर्मा, मनहरण वर्मा, शीषलाल वर्मा, नरबद वर्मा, रामशरण, रामसाय सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पात्रे रिटायर, साहू बने नए प्रभारी बीईओ

**डोंगरगांव।** सात सालों से विकासखंड शिक्षा अधिकारी के रूप में सेवा दे रहे आरएल पात्रे गत दिनों रिटायर हो गए। गत दिनों कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों और कार्यालय स्टाफ ने श्री पात्रे को विदाई दी। रिक्त पद पर अब तक एबीईओ के तौर पर पदस्थ जयंत साहू की नियुक्ति हुई है। उन्होंने विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया है।



बीईओ श्री पात्रे के सेवानिवृत होने के बाद ब्लाक के संकुल समन्वयकों ने विदाई समारोह का आयोजन वन चेतना केंद्र मनगटा में किया। यह आयोजन में जयंत साहू, क्षितिज सोरी, किशन देशमुख, रश्मि ठाकुर, अरविंद रत्नाकर बी.आर.सी. डोंगरगांव की उपस्थिति और श्री पात्रे के आतिथ्य में कार्यक्रम की शुरूवात राम संकीर्तन के साथ हुई। तत्पश्चात विदाई गीत की प्रस्तुति यशवंत देवांगन, नूतन हिरवानी, धनसाय सलामे ने दिया। इस मौके पर शैक्षिक समन्वयकों श्री पात्रे के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। माखनलाल रात्रे ने कविता पाठ किया। शत्रुघ्न तिवारी, डामनदास साहू, दानीराम वर्मा, सनत कुमार साकरे, दिलेश्वर साडिल्य, राहुल जैन, मंगलदास बंजारे ने अपने अनुभव साझा किया। संचालन नीलमणि साहू ने किया।

## जिपं उपाध्यक्ष ने संकल्प बजट को बताया ऐतिहासिक



■ सरकार के बजट को भाजपा नेताओं ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के संकल्प बजट का स्वागत कर इसे जन आकांक्षाओं का प्रतिबिंब और राज्य के सर्वांगीण विकास का रोडमैप बताया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, सांसद संतोष पांडेय को बधाई दी और कहा कि बजट में महिला सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना, महतारी सदन, सड़क, पानी व पुलिया के लिए प्रावधान किया गया है, जो अच्छा प्रयास है।

प्रदेश के विकास को नई दिशा प्रदान करने और विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में पहचान स्थापित करने वाले इस बजट में युवाओं को लेकर बड़ी घोषणा की गई है। नवगठित जिले के बहुप्रतीक्षित मांग गंडई-लिमो-दुल्लापुर मार्ग में कर्रा नाला पर उच्च स्तरीय पुल सहित पहुंच मार्ग का निर्माण अनुमानित लागत 200 लाख बजट प्रावधान 20 लाख, गण्डई से कृतबांस मार्ग में स्थित सुरही नदी पर उच्च स्तरीय पुल सहित पहुंच मार्ग का निर्माण अनुमानित लागत 200 लाख बजट प्रावधान 20 लाख, चिचका-कुरूभाठ में नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य अनुमानित लागत 320 लाख बजट प्रावधान 32 लाख के अलावा गंडई के एसएच 21 धमधा-गंडई मार्ग के किमी 25/8 पर दनिया नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य अनुमानित लागत 760 लाख बजट प्रावधान 76 लाख, कोपरो-ग्वालघुंडी मार्ग के किमी 4/2, 4/8 और 5/2 के नाला में 3 नग 60-60 मीटर में उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य अनुमानित लागत 720 लाख बजट प्रावधान 72 लाख किया गया है।

**संकल्प से सिद्धि को समर्पित बजट**

कुकुरमुड़ा में सिघौरी मार्ग लंबाई 4.20 किमी का मजबूजतीकरण कार्य अनुमानित लागत 420 लाख बजट प्रावधान 42 लाख, छुईखदान के बीरूटोला से गड़बांजा मार्ग लंबाई 5.50 किमी का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित खैरागढ़ के सोनपुरी से कुटेली मार्ग लंबाई 5.00 किमी का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित अनुमानित लागत 810 लाख बजट प्रावधान 81 लाख, गातापार कला से विष्णुपुर मार्ग लम्बाई 3.40 किमी पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य, गंडई के गभरा से साखा मार्ग लंबाई 3.00 किमी का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित, तेन्दूभाठा से जोम ओटेबंध तक सडक़ निर्माण कार्य लंबाई 3.80 किमी पुल पुलिया सहित, बीरूटोला से कुलीकसा मार्ग लंबाई 4.50 किमी का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित अनुमानित लागत 880 लाख बजट प्रावधन 88 लाख, उदयपुर से खैरी मार्ग कार्य लम्बाई 3.50 किमी पुल पुलिया सहित, गंडई के बेंगरी से भरदा मार्ग लंबाई 4.50 किमी. का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित, कुकुरमुड़ा से गुमानपुर मार्ग लंबाई 3.50 किमी का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित अनुमानित लागत 560 लाख बजट प्रावधान 56 लाख, धमधा गण्डई मार्ग लंबाई 8.60 किमी सर्वेक्षण का कार्य अनुमानित लागत 40 लाख बजट प्रावधान 4 लाख और खैरागढ़ में 500 मीटर मल्टीपर्पस हॉल का निर्माण कार्य अनुमानित लागत 400 लाख बजट प्रावधान 40 लाख, जेल सुरक्षा से जुड़े आवश्यक निर्माण कार्य मुख्य दीवार की उचांई में वृध्दि संभावित राशि 15.00 लाख, उप संचालक कृषि व पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला के भवन निर्माण को बजट में शामिल करने पर उन्होंने सरकार का आभार जताया है।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जिला आउटरीच कार्यक्रम में किया जागरूक

**भिलाई।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा दुर्ग जिले के लिए पुनर्संरचित निधि आपके निकट (एनएएन) कार्यक्रम शिविर बीएसपी के मानव संसाधन-एल एंड डी सेंटर में आयोजित किया गया। शिविर के माध्यम से हितग्राहियों की शिकायतों का स्थल पर ही निराकरण किया गया । सदस्यों व पेंशनरों को ईपीएफओ की विभिन्न योजनाओं, ऑनलाइन सेवाओं, यूएएन सक्रियण, केवाईसी अद्यतन, पेंशन प्रावधानों एवं ऑनलाइन क्लेम से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। ईपीएफओ के अधिकारी प्रियरंजन सिन्हा व दौलत राम साहू ने पेंशनरों की समस्याओं का समाधान किया।

### आकृति बनी चार्टर्ड एकाउंटेंट

**भिलाई।** द इंस्टीट्यूट चार्टर्ड एसोशिएशन ऑफ इंडिया ने जनवरी 2026 में आयोजित सी ए अंतिम परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है दुर्ग शहर की आकृति बंछोर चार्टर्ड एकाउंटेंट बन गई हैं। आकृति के पिता का कोरोना कॉल में देहावसान हो गया था लेकिन उसने हौसला नहीं खोया। मां श्रीमती किरण बंछोर गृहिणी होते हुए भी बेटी को उनकी लगन को देखते हुए सीए बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ी और आज उनकी तपस्या सफ़ल हो गई। आकृति को उनकी सफलता पर भूषण लाल वर्मा,एच एस वर्मा शिक्षा विद, बी के वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, प्रभाकर वर्मा, तुकेंद्र वर्मा, वेद वर्मा रोशन वर्मा अध्यक्ष मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज नगर इकाई दुर्ग, खूबचंद वर्मा, राकेश धुरंधर आदि ने मिलकर शुभकामनाएं दी।

### एसएमएस-2 में वेडिंग गिफ्ट सम्मान समारोह

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप–2 में वेडिंग गिफ्ट सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक शांतनु देब सिकदार थे। उन्होंने सभी कर्मचारियों को सुरक्षित कार्यप्रणाली, गुणवत्ता मानकों के पालन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट इलुका निखिल एवं जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट रेड्डी रामामूर्ति नायडु को संयंत्र की ओर से वेडिंग गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। सहायक महाप्रबंधक एनपी टोप्पोसीजीएमसचिवालय के प्रतिनिधि संजीव सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक सिकंदर इंदोरिया द्वारा किया गया।

### राम को सौंपा नियुक्ति पत्र

**भिलाई।** दुर्ग राजीव भवन में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर के द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष गण एवम जिला पदाधिकारीयो को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस दौरान नए नियुक्त महामंत्री राम सूर्यवंशी को भी नियुक्ति पत्र दिया गया। श्री सूर्यवंशी ने कहा जिस विश्वास और भरोसा से जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसे इमानदारी के साथ पूरा करने का आश्वासन दिया है। राम सूर्यवंशी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अध्यक्ष राकेश ठाकुर का आभार माना है।

## परेशानी : बैंक में लगा मेला, 689 विड्रॉल, 3.21 करोड़ निकासी

# नवागढ़ सहकारी बैंक में अंतर राशि निकासी के दौरान रही भारी भीड़





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

होली पर्व से पहले छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की अंतर राशि किसानों के खातों में जमा होते ही सोमवार को नवागढ़ सहकारी बैंक में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह बैंक खुलते ही किसानों की लंबी कतारें लग गईं और दिनभर बैंक परिसर मेला स्थल में तब्दील नजर आया।

बंपर विड्रॉल के बीच अव्यवस्था का आलम यह रहा कि देर शाम तक बड़ी संख्या में किसान बिना राशि निकाले ही वापस लौटने को मजबूर हो गए। बैंक परिसर के अंदर भुगतान के लिए अफरा-तफरी जैसी स्थिति बनी रही, वहीं बाहर किसानों का हुजूम और मोटरसाइकिलों की लंबी कतारें नजर आईं। त्योहार से पहले राशि मिलने की उम्मीद में पहुंचे किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

## अधिकांश किसान लौटे खाली हाथ

### दिनभर में 689 विड्रॉल, 3.21 करोड़ से अधिक राशि निकली

बैंक में भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दिनभर में कुल 689 खातों से 3 करोड़ 21 लाख 62 हजार 430 रुपए की राशि अंतरित की गई। अचानक बढ़े लेनदेन के दबाव से बैंक कर्मचारियों को देर शाम तक काम करना पड़ा।

### देर शाम तक कर्मचारी जूझते रहे, कई किसान लौटे खाली हाथ

अचानक उमड़ी भीड़ को संभालने के लिए बैंक कर्मचारी देर शाम तक काउंटर पर डटे रहे, लेकिन सीमित काउंटर के कारण सभी किसानों का काम नहीं हो सका। कई किसान घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी भुगतान नहीं होने से मायूस होकर घर लौट गए। बुजुर्ग किसानों को विशेष रूप से परेशानी उठानी पड़ी।

**बैठने और पेयजल तक की व्यवस्था नहीं:** बैंक परिसर के बाहर किसानों के बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं थी। कई किसान जमीन या वाहनों के सहारे बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। तेज धूप में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से लोगों में नाराजगी दिखी।

### काउंटर बढ़ाने और व्यवस्था सुधार की मांग

किसानों ने बैंक में अतिरिक्त काउंटर खोलने और भीड़ को देखते हुए बेहतर व्यवस्था करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष अंतर राशि वितरण के दौरान भीड़ बढ़ती है, इसके बावजूद पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जाते।

### होली से पहले केवल मंगलवार को खुलेगा बैंक

किसानों की चिंता इस बात को लेकर भी रही कि होली पर्व से पहले बैंक अब केवल मंगलवार को ही खुलेगा। ऐसे में राशि निकालने के लिए किसानों की भीड़ और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

### बैंक प्रबंधन का पक्ष

बैंक प्रबंधक सूर्यपाल बिसेन ने बताया कि शासन द्वारा अंतर राशि जारी होने के बाद अचानक बड़ी संख्या में किसान बैंक पहुंचे हैं। कर्मचारियों द्वारा लगातार भुगतान किया जा रहा है और सभी किसानों को जल्द सेवा देने का प्रयास किया जा रहा है।

### किसानों ने बताई अपनी परेशानी

चंद्रपाल साहू, किसान ने कहा कि राशि निकालने के लिए कई घंटों तक लाइन में खड़ा रहना पड़ा, लेकिन बैठने और पेयजल की व्यवस्था नहीं होने से परेशानी हुई। कृष्णा यादव, किसान ने बताया कि होली और खेती-किसानी के कार्यों के लिए राशि निकालना जरूरी था, लेकिन भीड़ अधिक होने से कई किसानों को बिना काम के लौटना पड़ा। बैंक में अतिरिक्त काउंटर की जरूरत है।

### त्योहार से पहले बाजार में बढ़ेगी रौनक, व्यवस्था पर सवाल

हालांकि अंतर राशि मिलने से किसानों को आर्थिक राहत मिली है और ग्रामीण बाजारों में रौनक बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन बैंक परिसर की अव्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की कमी दिनभर चर्चा का विषय बनी रही।



# झेरिया धोबी समाज देवरबीजा राज का हुआ वार्षिक सम्मेलन व होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

झेरिया धोबी समाज देवरबीजा राज का वार्षिक सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह ग्राम भेड़नी स्थित नर्मदा धाम में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान शिव, संत गाडगे बाबा एवं नातिन धोबिन माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजन-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात सामाजिक बंधुओं एवं पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रामकुमार निर्मलकर ने समाज में सादगीपूर्ण जीवनशैली अपनाने, बच्चों को शिक्षा एवं संस्कार देने तथा नशापान से दूर रहने की अपील की। जिला अध्यक्ष अनिल रजक ने कहा कि समाज में अंतरजातीय विवाह की रोकथाम के लिए विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने समाज की नियमावली का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि किसी पदाधिकारी के बच्चे अंतरजातीय विवाह करते हैं तो उन्हें सामाजिक पद पर बने रहने का अधिकार नहीं है, यह समाज के पुरखों द्वारा निर्धारित नियम है।

### बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है होलीः राजेंद्र

जिला महासचिव राजेंद्र निर्मलकर (साजा) ने समाज संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। जिला प्रवक्ता शिव निर्मलकर ने कहा कि जिला अध्यक्ष अनिल रजक के प्रयासों से बेमेतरा जिला समाज संगठन मजबूत हुआ है, जिसका प्रभाव राज्य एवं जिला स्तरीय कार्यक्रमों में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सामाजिक अतिथियों के हाथों प्रतीक चिन्ह एवं नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष ठाकुरराम निर्मलकर, युवा जिला अध्यक्ष तारकेश्वर रजक, तिजऊ निर्मलकर, मंथीर निर्मलकर, बुधराम निर्मलकर, जनक निर्मलकर, विष्णु निर्मलकर, संतु निर्मलकर, सुंदरू निर्मलकर, जयसिंह निर्मलकर, खेमलाल निर्मलकर, तिलक निर्मलकर, बसंत निर्मलकर, त्रिलोचन निर्मलकर, कुमार निर्मलकर, भकत रजक, योगेश निर्मलकर, छन्नू निर्मलकर सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

## महिला दिवस पर अर्चना हुई सम्मानित...




**थान खम्हरिया।** लाहोटी मित्र मंडल रायपुर द्वार महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे प्रदेश भर के 108 नामचीन महिलाओ को प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमे बेमेतरा जिले की पहली महिला स्टाम्प वेंडर अर्चना शर्मा को भी सम्मान किया गया। उनको समाज के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कायो के लिए सर्व उत्थान समिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी बनाया गया है साथ ही वे सर्व ब्राह्मण समाज की प्रदेश संगठन सचिव व मां भारती सेवा समिति की आरती प्रभारी बनायी गयी है। अर्चना शर्मा को उनकी इस उपलब्धियों के लिय सम्मानित किया जाना थान खम्हरिया के नागरिकों के लिए गौरव की बात है। उनको सम्मान मिलने पर जनप्रतिनिधि व नागरीको ने बधाई दी है।

### 28 युवा कर्मचारियों ने ली इंटक की सदस्यता

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के 28 युवा कर्मचारियों ने स्टील इम्प्लाइज यूनियन इंटक यूनियन की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। कर्मियों ने कहा कि यूनियन द्वारा वेतन विसंगतियों, पदोन्नति व ठेका श्रमिकों के पेंशन आदि मुद्दों पर किए जा रहे प्रयासों ने उन्हें संगठन से जुड़ने प्रेरित किया । सदस्य बनने वाले कर्मचारियों में कोकोवन विभाग शैलेन्द्र कुमार चौधरी, मिराज अकरम, देवानंद साहू, जेम्स एन., रोहित कुमार ठाकुर, खिलेंद्र कुमार, हेमराज मीणा, रिजूरुस टोप्पो, हेमचंद टिकरिया, देव कुमार ध्रुव, जीवनलाल, कमल नारायण ध्रुव, रवि शंकर प्रसाद, ब्लास्ट फर्नेस विभाग से कमलेश, नेताम, उदय राम साहू,एसएमएस–3 विभाग से दिलीप कुमार ठाकुर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर,बीआरएम नवल किशोर साहू,आरटीएस विभाग सेएम. नच्मैया शामिल हैं।

# नेवनारा चंडी मंदिर परिसर में हुआ भव्य होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

- भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने किया आयोजन

ग्राम नेवनारा स्थित चंडी मंदिर परिसर में भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी द्वारा आयोजित भव्य होली मिलन समारोह हर्षोल्लास, उत्साह और सामाजिक समरसता के वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित इस कार्यक्रम में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के अनेक गांवों से हजारों की संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा, महिलाएँ एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

समारोह के दौरान पूरे मंदिर परिसर में रंग-गुलाल, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक होली गीतों की गूंज सुनाई देती रही। लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं तथा प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। छोटे-बड़े, युवा-वृद्ध सभी ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई, जिससे वातावरण पूरी तरह उत्सवमय और आत्मीयता से भर गया। यह आयोजन केवल पर्व का उत्सव नहीं रहा, बल्कि सामाजिक एकता और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने का सशक्त माध्यम भी बना।



### लोगों को एक सूत्र में पिरोने का संदेश देती है होली : तिवारी

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति में प्रेम, सौहार्द, क्षमा और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व समाज में व्याप्त भेदभाव, कटुता और दूरी को समाप्त कर लोगों को एक सूत्र में पिरोने का संदेश देता है। समारोह के दौरान पारंपरिक होली गीतों, ढोल-मंजीरे, झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का विशेष आकर्षण केंद्र बना। महिलाओं और युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। ग्रामीणों ने इस आयोजन को सामाजिक एकता, पारिवारिक मेल-मिलाप और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने वाला प्रेरक प्रयास बताया।

**पारिवारिक शुभ प्रसंग भी रहा समारोह का केंद्र :** कार्यक्रम में आगंतुक अतिथियों एवं ग्रामवासियों के लिए स्वल्पाहार एवं स्नेह भोज की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। देर रात तक लोग एक-दूसरे से मिलते रहे और होली की शुभकामनाएँ देते रहे। इस अवसर पर एक पारिवारिक शुभ प्रसंग भी समारोह का केंद्र रहा। उपस्थित जनसमूह ने योगेश तिवारी की सुपुत्री आन्या एवं वर वर्धमान को स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामनाएँ प्रदान करते हुए उनके सुखी, समृद्ध एवं मंगलमय वैवाहिक जीवन की कामना की। नवदंपति पर पुष्पवर्षा कर उपस्थित जनों ने उनके जीवन में प्रेम, विश्वास, सम्मान और उन्नति की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। विवाह जैसे पावन अवसर पर परिजनों, मित्रों और ग्रामवासियों की आत्मीय उपस्थिति से वातावरण भावुक, आनंदमय और आध्यात्मिक भावनाओं से ओतप्रोत हो उठा।

# सभी कर्मचारी हस्ताक्षर हिंदी में करें : कृष्ण कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के वेलफेयर बिल्डिंग क्रमांक 1 के विद्युत संगठन के सभागार में राजभाषा कार्यशाला हुई। मुख्य महाप्रबंधक टीके कृष्णकुमार के मुख्य आतिथ्य व महाप्रबंधक प्रकाश अध्यक्ष थे। विभागीय प्रतिवेदन हिंदी समन्वय अधिकारी रंजन कुमार पंडा ने पढ़ा। हिंदी भाषा में मुहावरों पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रथम पुरस्कार विजेता हुलास राम सिरमौर, महाप्रबंधक द्वितीय पुरस्कार विजेता, रवीन्द्र कुमार महाप्रबंधक तथा तृतीय स्थान पर चुनेश्वर नायक सहायक प्रबंधक को मिला। मुख्य अतिथि ने कहा कि हम सबको चाहिए कि हस्ताक्षर हिंदी में अवश्य करें । सहायक प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी। प्रतिभागियों को राजभाषा हिंदी में सभी कार्य करने शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक मानस रंजन रथ, महाप्रबंधक अरिंदम कुमार डे,कुंतल बघेल, रवीन्द्र कुमार, हुलास राम सिरमौर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चुनेश्वर नायक और महाप्रबंधक रंजन कुमार पंडा ने आभार प्रदर्शन किया।



## भाजपा के जिलाध्यक्ष कौशिक का जताया आभार

# अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष पवन ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है।

- अध्यक्ष पवन ने वरिष्ठ नेताओं की सहमति से लिया निर्णय



उपाध्यक्ष युवराज ध्रुव, धनेश्वरी नेताम, केशव ठाकुर, नरेंद्र कंवर, प्रमोद ठाकुर, महामंत्री सीताराम ठाकुर, युवराज कुंजाम, मंत्री घनश्याम ठाकुर, जागेश्वर मांडवी, दिनेश ठाकुर, उत्तम ठाकुर, चेतन ठाकुर, प्रितपाल ठाकुर, कोषाध्यक्ष दिलीप ठाकुर, जितेश ठाकुर, कार्यालमंत्री पन्नालाल नेताम, परमेश्वर ठाकुर, मीडिया प्रभारी विष्णु देव ठाकुर, विनोद मरकाम, सोशल मीडिया प्रभारी हलधर ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर, आईटी सेल प्रभारी किशोरी नेताम गुलाब मांडवी, मन की बात प्रभारी संतोष कुमार, ललिता ठाकुर, करण ठाकुर, कार्यकारणी सदस्य सुमेर ठाकुर, अजय ठाकुर, संतोषी ठाकुर, तारावती ठाकुर, राज ठाकुर, राहुल ठाकुर, निलेश ठाकुर, भानु ठाकुर, बल्लू ठाकुर सहित अन्य को बनाया गया है। मंडल अध्यक्ष में सदर गौरव पथ सागर मंडावी, चंडी शीतला श्याम नेताम, मध्य दीनदयाल उपाध्याय आयुश ठाकुर, कसारीडीह बोरी विमला ठाकुर, अंजोरा मोहन ठाकुर, अंडा निकुम उमेंदी राम ठाकुर, उतई मोतिन ठाकुर, मरोदा पुरैना गजानंद ठाकुर, रिसाली खिलेश्वरी ढालेन्द्र, कुम्हारी जितेंद्र धुव्र, पाटन देवेंद्र ठाकुर, अमलेश्वर देवानंद ठाकुर, जामगांव आर ललित ठाकुर, दरबार मोखली वीरेंद्र कुमार ठाकुर धमधा नरोत्तम मांडवी, बोरी लीटिया देवलाल ठाकुर नियुक्त किए गए हैं। नियुक्ति के बाद पदाधिकारी जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक से मिले और आभार व्यक्त किया।




